# भाजपाईयों ने घेरा कांग्रेस दफ्तर, किया उग्र प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 21 फरवरी.** देश की राजधानी दिल्ली में विश्व में इतिहास रचने वाले मंडपम में यू.एस. ट्रेड डील और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अर्धनग्न विरोध प्रदर्शन से अपनी विकृत

### कांग्रेस दफ्तर पुलिस छावनी में हुआ तब्दील

मानसिकता का परिचय देने वाले देश के युवा कांग्रेस के घृणित कार्य के विरोध में भारतीय जनता युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने आज जंगी प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस कार्यालय का घेराव किया। भाजपा के प्रदर्शन को ध्यान में रखते हुए पुलिस प्रशासन ने व्यापक प्रबंध किए तथा कांग्रेस कार्यालय को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया। सैकड़ों की संख्या में भाजयुमो कार्यकर्ता नदी गेट पर एकत्रित हुए और कांग्रेस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जुलूस के रूप में नदी गेट से कांग्रेस कार्यालय पहुंचे। जहां भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। दरअसल, 20 फरवरी को दिल्ली स्थित भारत मंडपम में इंडियन यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को एआई समिट 2026 में भारत-अमेरिका ट्रेड डील के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के कई वीडियो भी सामने आए हैं। इसमें 15-20 कार्यकर्ता हाथ में सफेद रंग की टी-शर्ट लिए हुए हैं। टी-शर्ट पर पीएम मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की फोटो लगी है। उस पर लिखा है-पीएम इज कॉम्प्रोमाइज्ड। युवा मोर्चा के प्रदर्शन को देखते हुए कांग्रेस कार्यालय के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पुलिस प्रशासन ने स्थिति संभालने के लिए जबरदस्त तैयारी की थी। भाजपा कार्यकर्ताओं में कांग्रेस के हंगामे को लेकर आक्रोश दिखाया। उनका कहना है कि कांग्रेस के कृत्य से पार्टी की असभ्यता और अनुशासनहीनता का पता चलता है।





### चप्पे-चप्पे पर तैनात रहा पुलिस बल

भाजयुमो के प्रदर्शन को ध्यान में रखते हुए सुबह से ही शिन्दे की छावनी स्थित कांग्रेस कार्यालय पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया था। किसी प्रकार का उपद्रव न हो इसके लिए पुलिस बल पूरी तरह से मुस्तैद रहा। भाजयुमो कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा था। कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया और कांग्रेस की ओछी मानसिकता को लेकर जमकर नारेबाजी की। भाजयुमो कार्यकर्ता हाथों में कांग्रेस गद्दार की तख्तियां लिए हुए थे।

### प्रदर्शन से सड़क पर लगा जाम, लोग हुए परेशान

एक तरफ एलीवेटेड रोड निर्माण के चलते फूलबाग से गुरूद्वारे वाला मार्ग आज से बंद होने तथा दूसरी ओर भाजयुमो के प्रदर्शन से शिन्दे की छावनी क्षेत्र में दोनों ओर से जाम की स्थिति निर्मित हो गई तथा लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। जिन्हें पता था वह तो दूसरे मार्ग से अपने गंतव्य पर पहुंचे लेकिन जिन्हें मार्ग बंद होने तथा प्रदर्शन की जानकारी नहीं थी उन्हें अपने गनतव्य पर पहुंचने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। इस दौरान पुलिस प्रशासन ने भी जाम को खुलवाने और लोगों को आवागमन में परेशानी न हो इसके लिए कड़ी मशक्कत की।




## ग्वालियर में तापमान 14 डिग्री के पार, रात-दिन दोनों गर्म

**ग्वालियर 21 फरवरी.** तेज धूप के कारण दिन और रात दोनों ही गर्म हो रहे हैं, दिन का तापमान जहां 26.2 डिग्री पर पहुंच रहा है, तो रात में भी तापमान 14.6 डिग्री दर्ज किया गया है। रात में तापमान अधिक होने के कारण लोगों को हल्की गर्मी का अहसास हुआ। वहीं वातावरण में आर्द्रता रात के समय 92 प्रतिशत दर्ज की गई जो कि सामान्य से 27 प्रतिशत अधिक रही। वातावरण में नमी होने के कारण हवा थोडी सर्द रही। वहीं सुबह से धूप खिली होने के कारण तापमान में गर्मी महसूस हो रही है, ग्वालियर में फिर से मौसम गर्म होना प्रारंभ हो गया है, दो दिन हल्की बारिश के कारण गर्मी से राहत थी, लेकिन फिर से सूरज अपनी तेज चमक बिखेर रहा है, जिसके कारण दिन का तापमान फिर से बढ़ने लगा है। मौसम विभाग के अनुसार फिलहाल अब बारिश की संभावना नहीं है, जिसके कारण अब तापमान लगातार गर्म होता जाएगा। आज शनिवार को भी तेज धूप रही, जिससे तापमान में बढ़ोतरी हो गई।

# रक्त व कैंसर रोगों के इलाज में नई उम्मीदें, विशेषज्ञों ने साझा किए शोध अनुभव

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 21 फरवरी.** ज शहर में शुक्रवार को द्वितीय हेमेटोलॉजी एवं हेमेटो-ऑन्कोलॉजी कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। सम्मेलन की थीम - बिल्डिंग ब्रिज इन हेमेटोलॉजी : कॉलरबोरेशन कम्पेशन एंड क्योर रखी गई। जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सकों ने रक्त संबंधी बीमारियों और कैंसर उपचार के नवीनतम शोध एवं तकनीकों पर विस्तार से

### ग्वालियर में हेमेटोलॉजी एवं हेमेटो-ऑन्कोलॉजी कॉन्फ्रेंस का आयोजन

चर्चा की। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। सम्मेलन में देश के प्रतिष्ठित हेमेटोलॉजिस्ट, ऑन्कोलॉजिस्ट, स्नातकोत्तर विद्यार्थी तथा स्वास्थ्य पेशेवरों ने भाग लेकर ज्ञान-विनिमय को नई दिशा दी। उद्घाटन सत्र में वक्ताओं ने कहा कि बदलती जीवनशैली और बढ़ते कैंसर मामलों के बीच चिकित्सा क्षेत्र में सहयोग, करुणा और आधुनिक उपचार पद्धतियों का समन्वय अत्यंत आवश्यक है। सम्मेलन में थैलेसीमिया, ल्यूकेमिया, लिम्फोमा सहित अन्य रक्त विकारों के निदान एवं उपचार में आ रही नई तकनीकों पर विशेष सत्र आयोजित किए गए। विशेषज्ञों ने क्लिनिकल रिसर्च, इम्यूनोथेरेपी और पर्सनलाइज्ड मेडिसिन के महत्व पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि डॉ. ज्योति बिंदल ने दीप प्रज्वलित कर सम्मेलन का विधिवत उद्घाटन किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि 'रक्त संबंधी रोगों के उपचार में तेजी से हो रहे वैज्ञानिक नवाचारों को जमीनी स्तर तक पहुँचाना समय की आवश्यकता है।'

इम्यूनो थ्रोम्बोसाइटोपेनिया विषय पर वरिष्ठ हेमेटोलॉजिस्ट डॉ. राहुल भार्गव (दिल्ली) का विशिष्ट व्याख्यान रहा। उन्होंने आईटीपी के नवीनतम निदान मानकों, जोखिम वर्गीकरण तथा विकसित होती उपचार रणनीतियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि 'हर मरीज की जैविक और नैदानिक परिस्थितियाँ अलग होती हैं, इसलिए उपचार भी उसी अनुरूप निर्धारित होना चाहिए।'

मल्टीपल मायलोमा पर आधुनिक उपचार पद्धतियों की चर्चा मल्टीपल मायलोमा विषयक सत्र प्रतिष्ठित हेमेटोलॉजिस्ट डॉ. दिनेश भुरानी, सीनियर कंसल्टेंट, राजीव गांधी कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर द्वारा प्रस्तुत किया गया। उन्होंने आधुनिक उपचार प्रोटोकॉल, नवीन दवाओं के उपयोग, स्टेम सेल ट्रांसप्लांट की रणनीतियों तथा रोगियों के दीर्घकालिक परिणामों को बेहतर बनाने के उपायों पर विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम को और अधिक शैक्षणिक गहराई प्रदान करते हुए डॉ. नितिन गुप्ता एवं डॉ. तेजिंदर सिंह ने बोन मैरो एस्पिरेशन पर अत्यंत ज्ञानवर्धक व्याख्यान दिए। इसके साथ ही दिल्ली से आई डॉक्टर चारु बहल, डॉ आनंद भदकारिया दतिया, डॉ राहुल शर्मा ग्वालियर ने भी हेमेटोलॉजी के बारे में उपस्थित लोगों को अपने शोधपूर्ण ज्ञान से लाभान्वित किया।




# एसआईआर : ग्वालियर जिले में भी हुआ मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 21 फरवरी.** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के लिये निर्धारित कार्यक्रम के तहत ग्वालियर जिले में भी 21 फरवरी को फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन किया गया। प्रभारी

### अंतिम रूप से प्रकाशित मतदाता सूची में मतदाताओं की कुल संख्या 14,29,301

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुमार सत्यम की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक में राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को एसआईआर प्रक्रिया सम्पूर्ण होने की जानकारी दी गई। साथ ही अंतिम रूप से प्रकाशित निर्वाचक नामावली की फोटोयुक्त मतदाता सूची का सेट एवं फोटोरहित मतदाता सूची की सॉफ्टकॉपी (पीडीएफ) प्रदान की गई। बैठक में बताया गया विशेष गहन पुनरीक्षण की सम्पूर्ण प्रक्रिया उपरांत शनिवार 21 फरवरी को अंतिम रूप से प्रकाशित फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली में जिले में दर्ज कुल मतदाताओं की संख्या 14 लाख 29 हजार 301 है। जिसमें 7 लाख 56 हजार 790 पुरुष मतदाता, 6 लाख 72 हजार 472 महिला मतदाता व 39 अन्य मतदाता शामिल हैं। कलेक्ट्रेट के सभागार में आयोजित हुई बैठक में अपर जिला दण्डाधिकारी सी बी प्रसाद, प्रभारी उप जिला निर्वाचन अधिकारी विनोद सिंह जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधिगण भारतीय जनता पार्टी से सतेन्द्र धाकड़ व जगदीश शर्मा, इंडियन नेशनल कांग्रेस के देशराज भार्गव व चैनसिंह राजपूत, बहुजन समाज पार्टी के प्रतिनिधि रतन बौद्ध एवं आम आदमी के प्रतिनिधि त्रिलोचन सिंह व आशीष राय एवं कम्युनिष्ट पार्टी मार्क्सवादी से एम के जायसवाल सहित अन्य प्रतिनिधिगण उपस्थित थे। प्रभारी कलेक्टर कुमार सत्यम ने एसआईआर कार्य में सहयोग के लिये सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं इस कार्य को अंजाम देने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति धन्यवाद व्यक्त किया।



### कुल 103 दिनों में पूर्ण हुई एसआईआर की सम्पूर्ण प्रक्रिया

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा गत 27 अक्टूबर को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की अधिसूचना जारी की गई थी। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के तहत ग्वालियर जिले के सभी 6 विधानसभा क्षेत्रों में निर्वाचक नामावली के शुद्धिकरण का व्यापक कार्य निर्धारित समयावधि अर्थात 103 दिनों के भीतर पूर्ण किया गया। एसआईआर का काम 4 नवम्बर 2025 से शुरू होकर 14 फरवरी 2026 तक दो चरणों में चला। प्रथम चरण में 04 नवम्बर 2025 से 18 दिसम्बर 2025 तक गणना पत्रकों को मतदाताओं से भरवाना व गणना पत्रकों का डिजिटाइजेशन कार्य किया गया। द्वितीय चरण 23 दिसम्बर 2025 से 14 फरवरी 2026 तक नोटिसों की सुनवाई एवं दावे/आपत्ति प्राप्त व में निराकरण का कार्य सफलतापूर्वक किया गया। इस व्यापक कार्य को सीमित अवधि में पूर्ण करने के लिये कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान के नेतृत्व में आयुक्त नगर निगम ग्वालियर, मुख्य कार्यकाल अधिकारी जिला पंचायत, अपर कलेक्टर, अपर जिला मजिस्ट्रेट, उप जिला निर्वाचन अधिकारी के साथ सभी 6 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के ईआरओ, 18 एईआरओ, 116 अतिरिक्त एईआरओ, 1935 मतदान केंद्रों पर नियुक्त बीएलओ, 194 बीएलओ सुपरवाईजर, 41 मास्टर ट्रेनर्स, लगभग 3250 वालेंटियर्स (बीएलओ सहायक कर्मी), 210 आई टी पर्सनल सहित विभिन्न विभागों से संलग्न लगभग 6000 लोक सेवक मुस्तैदी पूर्वक जुटे रहे। विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत निर्वाचन आयोग द्वारा 27 अक्टूबर 2025 को मतदाता सूची फ्रीज की गई थी।

# सोशल मीडिया का सकारात्मक और जिम्मेदार उपयोग ही समय की मांग : कुलगुरु आचार्य

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 21 फरवरी.** जीवाजी विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर स्टडीज इन जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन द्वारा 'सोशल मीडिया एंड ह्यूमन लाइफ' विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शनिवार को समापन हुआ। यह संगोष्ठी पीएम-उषा के

### जेयू में 'सोशल मीडिया एंड ह्यूमन लाइफ' विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन

सहयोग से आयोजित की गई, जिसमें देशभर के शिक्षाविदों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता की। समापन सत्र के मुख्य अतिथि मानव अधिकार के सेवानिवृत्त आईजीपी एवं वर्तमान चेयरपर्सन, इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड डिस्ट्रिक्ट रायगढ़ (छत्तीसगढ़) अशोक कुमार गोयल ने कहा कि सोशल मीडिया ने लोकतंत्र को नई ऊर्जा और व्यापक अभिव्यक्ति का मंच प्रदान किया है, लेकिन इसके साथ जिम्मेदारियों का दायरा भी बढ़ा है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. राजकुमार आचार्य ने कहा कि सोशल मीडिया आज मानव जीवन का अभिन्न अंग बन चुका है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे सोशल मीडिया का सकारात्मक, रचनात्मक और जिम्मेदार उपयोग करें, जिससे समाज और राष्ट्र निर्माण में सार्थक योगदान दिया जा सके।

मंचासीन अतिथियों में प्रो. एस.एन. महापात्रा और प्रो. विवेक बापट शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों को शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। संगोष्ठी के दूसरे दिन देशभर से आए प्रतिभागियों ने 16 शोध पत्र प्रस्तुत किए। डिजिटल युग में नैतिक जिम्मेदारी, सूचना की विश्वसनीयता, फेक न्यूज की चुनौती, साइबर कानून और मानसिक स्वास्थ्य जैसे समसामयिक विषयों पर सारगर्भित विमर्श हुआ। दो दिवसीय आयोजन में कुल 30 से अधिक शोध पत्रों का वाचन किया गया, जिसने अकादमिक चर्चा को नई दिशा प्रदान की। कार्यक्रम संयोजक प्रो. एस.एन. महापात्रा एवं प्रो. विवेक बापट ने बताया कि संगोष्ठी का उद्देश्य विद्यार्थियों और शोधार्थियों को डिजिटल युग की चुनौतियों, संभावनाओं और नैतिक आयामों से अवगत कराना है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों, वक्ताओं और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के अकादमिक आयोजनों से विद्यार्थियों को समसामयिक विषयों पर गहन अध्ययन, शोध और संवाद का अवसर मिलता है।

समापन अवसर पर प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए तथा उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए आयोजन को ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. भुवनेश तोमर ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन प्रो. विवेक बापट एवं प्रो. एस.एन. महापात्रा ने किया। इस दौरान पुष्पेंद्र सिंह तोमर, डॉ सतेंद्र नगाइच, राघवेन्द्र गोयल, मिनी मंगल, जगभान सिंह पाल, स्नेहा पाल, अभय वशिष्ठ, अनुपमा शर्मा सहित अनेक लोग मौजूद रहे।



## सवर्ण समाज की सामाजिक गोष्ठी आज, स्वामी आनंद स्वरूप होंगे मुख्य वक्ता

नवभारत न्यूज



**ग्वालियर 21 फरवरी.** सवर्ण समाज समन्वय समिति (एस4) के तत्वाधान में रविवार को दोपहर 12 बजे से गोले का मंदिर स्थित इंद्रप्रस्थ गार्डन में सामाजिक गोष्ठी आयोजित की जा रही है, जिसके लिए शनिवार को इंद्रप्रस्थ गार्डन में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम संयोजक अखिलेश पांडे एवं एड. आशुतोष दुबे ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य वक्ता एस4 के संस्थापक एवं शांभवी पीठ के पीठाधीश्वर आनंद स्वरूप महाराज होंगे। इसके अलावा वक्ता के रूप में पूर्व प्रधान आयुक्त भारत सरकार डॉ. अनूप श्रीवास्तव, पूर्व सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री, राष्ट्रीय अध्यक्ष क्षत्रिय करणी सेना डॉ. राज शेखावत, राष्ट्रीय अध्यक्ष करणी सेना महिपाल सिंह मकराना, अध्यक्ष अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा राजीव सिंह चौहान उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर शनिवार को भी आयोजन समिति की बैठक की गई, जिसमें सभी को जिम्मेदारियां बांटी गईं। भूमिपूजन में महेश मुदगल, संजीव गर्ग, जयवीर भारद्वाज, रामबाबू कटारे, हरिदास अग्रवाल, रामनारायण मिश्रा, राजेंद्र कुमार श्रीवास्तव राजा उपस्थित रहे।

# प्राइमरी एवं मिडिल बोर्ड के परीक्षार्थियों को गलत प्रश्न-पत्र देने को जिला प्रशासन ने गंभीरता से लिया

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 21 फरवरी.** डॉन बॉस्को पब्लिक स्कूल की लापरवाही की वजह से इस संस्था के 5वीं व 8वीं बोर्ड परीक्षा के परीक्षार्थियों को हुई असुविधा को जिला प्रशासन ने गंभीरता से लिया है। इस प्रकरण में डॉन बॉस्को पब्लिक स्कूल के प्राचार्य एवं बीआरसीसी जनपद शिक्षा केन्द्र मुरार शहरी क्र.-2 राकेश शर्मा को प्रभारी कलेक्टर कुमार सत्यम द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। साथ ही राज्य शिक्षा केन्द्र के संचालक को प्रतिवेदन भेजा गया है। प्रभारी कलेक्टर सत्यम ने कहा है कि परीक्षार्थियों के हितों की रक्षा की जाएगी। जिला परियोजना समन्वयक रविन्द्र सिंह तोमर ने जानकारी दी है कि विद्यार्थी और पालकों को निराश होने की जरूरत नहीं है । असफल होने वाले परीक्षार्थियों को परीक्षा परिणाम उपरांत राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा परीक्षा का द्वितीय अवसर प्रदान किया जायेगा । साथ ही आगे होने प्रश्न पत्रों में एससीईआरटी पाठ्यक्रम के प्रश्नपत्र प्रदान किये जायेंगे ।

जिला परियोजना समन्वयक (डीपीसी) श्री तोमर ने बताया कि सनराइज पब्लिक स्कूल दीनदयालनगर में डॉन बॉस्को पब्लिक स्कूल वायुनगर का परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। डॉन बॉस्को पब्लिक स्कूल द्वारा पोर्टल पर एनसीईआरटी पाठ्यक्रम का विकल्प भरा गया था। विद्यार्थियों के प्रवेश पत्र व अटेडेंस शीट पर भी एनसीआरटीई का विकल्प लिखकर आया था। इस कारण परीक्षार्थियों को 20 फरवरी को एनसीईआरटी पाठ्यक्रम के प्रवेश पत्र वितरित कर दिए गए। परीक्षार्थियों द्वारा कहा गया कि उन्होंने एससीईआरटी पद्धति से पढ़ाई की है, पर उन्हें एनसीईआरटी का पेपर क्यों दिया गया है। यह लापरवाही सामने आने पर डॉन बॉस्को पब्लिक स्कूल प्रबंधन को तलब किया गया।

शाला प्रबंधन ने अपनी भूल स्वीकार कर एससीईआरटी पाठ्यक्रम का पेपर देने का आग्रह किया। डीपीसी श्री तोमर ने बताया कि 20 फरवरी को पांचवी और आठवीं बोर्ड परीक्षा 2025 - 26 में प्रथम भाषा हिंदी और अंग्रेजी (हिन्दी और अंग्रेजी माध्यम ) का प्रश्न पत्र था । जिसके कक्षा 8 के 28156 एवं कक्षा 5 के 32773 छात्रों ने परीक्षा दी थी।

**IN THE COURT OF III CIVIL JUDGE CLASS-I, DISTRICT COURT, GWALIOR**

**Presiding Officer: सक्षम नरूला**

**आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु**

**Process ID-14/2025 (COMMS/0000028/2025) पेशी दिनांक: 18/03/2026**

**केनरा बैंक................................वादी**

VS

**मैसर्स महाकाल फेमिली रेस्टोरेन्ट एण्ड कैफे..............प्रतिवादी**

**प्रेषिती- (1) संदीप पिता केशव सिंह बघेल**

पता- भगत सिंह नगर अभिलाख शर्मा वाली डी.पी. पोल 13 गिर्द ग्वालियर

**(2) मैसर्स महाकाल फेमिली रेस्टॉरेन्ट एण्ड कैफे**

पता- द्वारा प्रोपराईटर संदीप पुत्र श्री केशव सिंह बघेल वार्ड नंबर 20, मुंशीपुरी नं.1 मुरार, ग्वालियर

यह कि प्रार्थी **केनरा बैंक** ने आपके विरुद्ध के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के **30 दिवस** के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रुप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 13 **फरवरी** 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है

**न्यायाधीश, (सक्षम नरूला)** तृतीय व्यवहार वरिष्ठ खण्ड, ग्वालियर (म.प्र.)

नोट: यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

नवभारत

आवश्यकता है

पद की योग्यता

देश के अनेक राज्यों से प्रकाशित नवभारत समाचार पत्र समूह के **ग्वालियर** संस्करण के लिए निम्न पदों के लिए योग्य व्यक्तियों की आवश्यकता है।

रिपोर्टर
(2 वर्ष का अनुभव एवं स्नातक)

डीटीपी ऑपरेटर
(5 वर्ष का अनुभव एवं कोरल ड्रा अनिवार्य)

सर्कुलेशन एग्जीक्यूटिव
(2 वर्ष का अनुभव एवं बीए/बी.कॉम)

नोट- स्वयं का वाहन और कम्प्यूटर में दक्षता अनिवार्य।

संपर्क करें

कार्यालय - नवभारत प्रेस, एस.पी ऑफिस के सामने, सिटी सेंटर, ग्वालियर
(सुबह 11 से शाम 6 बजे तक)

9479319990
navabharatgwalior@gmail.com

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95